# JUNE RAJASTHAN CURRENT AFFAIRS

**1. बिजली कंपनियों में रेस्मा छह महीने बढ़ाया:**

सरकारकी ओर से रेस्मा को 30 नवंबर तक बढ़ा दिया है।

- सरकार ने राजस्थान अत्यावश्यक सेवाएं अनुरक्षण अधिनियम 1970 (रेस्मा) के तहत यह पाबंदी लगाई है।
- रेस्मा के दौरान कर्मचारी हड़ताल काम बंद नहीं कर सकेंगे।
- इस दौरान बिजली कंपनियों के ग्रिड सब-स्टेशन (जीएसएस), जनरेटिंग स्टेशन, राजस्थान स्टेट डिस्पैचलोड सेंटर, प्रसारण स्टेशन उसके समस्त कार्यालय उनके कार्यकलापों से संबंधित आवश्यक सेवाओं में हड़ताल नहीं कर सकेंगे। आदेश गृह (आपदा प्रबंध) विभाग ने जारी किया है। गृह (ग्रुप-9) विभाग के संयुक्त सचिव ने बिजली को आवश्यक सेवा घोषित किया है

**2. स्टार्टअप्स के लिए रीको और एसबीबीजे के बीच हुआ एमओयू:**

- राज्यमेंस्टार्टअप परियोजनाओं के विकास को प्रोत्साहन देने के लिए राजस्थान स्टेट इंडस्ट्रीयलडेवलपमेंटएण्डइन्वेस्टमेंटकॉरपोरेशन लिमिटेड (रीको) और स्टेट बैंक ऑफ बीकानेर एण्ड जयपुर (एसबीबीजे) के बीच एमओयू किया गया
- इस तालमेल से राज्य में इनोवेटिवएंटरप्यूनरषिप को बल मिलेगा और साथ ही नए उद्यमियों को सिंगलविंडो वित्तीय समाधान उपलब्ध हो सकेंगे ताकि वे न्यूनतम समय में अपने कारोबार को स्थापित कर सकें।
- राजस्थान स्टार्टअपपॉलिसी2015 के तहत सहायता प्राप्त करने के अतिरिक्त अब स्टार्टअप्स, स्टूडेंट्सएंटरप्यूनरस् एवं इन्क्यूबेशनसेंटर्स'क्रेडिट गारंटी ट्रस्ट फॉरमाइक्रोस्माल एंटरप्राइजेज' (सीजीटीएमएसई) के तहत एक करोड़ रुपए तक का ऋण और प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत बैंक से 10 लाख रुपए तक का ऋण कोलेटरल मुक्त प्राप्त कर सकेंगे।

3. **मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना में अब हर जिले की बीपीएलटॉपर भी शामिल:**

GShindi.com

- 2015 में शुरू की गई मुख्यमंत्री हमारी बेटियां योजना| इस योजना में हर जिले की टॉपर रहने वाली दो बेटियों को इस योजना से जोड़ा गया था
- इसमें उसको स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई के लिए आर्थिक मदद मिलती है।
- इस योजना में अब दसवीं कक्षा की हर जिले की बीपीएल परिवार की टॉपर बेटी को भी लाभ मिलेगा।
- बीपीएल परिवार की बेटी के इस योजना से जुड़ने से अब हर जिले से 3 बेटियों को यानी राज्य से कुल 99 बेटियों को लाभ मिलेगा।
- योजना में 11 12 की पढ़ाई करते समय किताबें, स्टेशनरीयूनिफार्म के लिए 15 हजार रुपए एकमुश्त सालाना और इन्हीं दो कक्षाओं में खेल कोचिंग, अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की कोचिंग की तैयारी छात्रावास शुल्क के लिए अधिकतम 1 लाख रुपए की मदद का प्रावधान है।
- इससे आगे स्नातकोत्तर तक की पढ़ाई के लिए स्टेशनरी, किताबें, यूनिफार्म के लिए 25 हजार रुपए एकमुश्त सालाना और कोचिंग, छात्रावास सहित अन्य प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए अधिकतम 2 लाख रुपए सालाना देने का प्रावधान है।

4.**खिलाड़ियों के लिए जयपुर समेत प्रदेश के 6 जिलों में तैयार किए जाएंगे जिम**

- राजस्थानराज्य क्रीड़ा परिषद ने प्रदेश के खिलाड़ियों की फिटनेस के साथ खेल कौशल को निखारने के लिए प्रदेश के 6 जिलों में जिम बनाने की योजना बनाई है।
- क्रीड़ा परिषद ने उदयपुर, जयपुर, जोधपुर, करौली, अजमेर और जैसलमेर को इसके लिया चयनित किया है

**5. प्रदूषण ज्यादा तो एप भेजेगा चेतावनी:**

- राजस्थानराज्य प्रदूषण नियंत्रण मंडल ने प्रदेश की सबसे ज्यादा प्रदूषण फैलाने वाली इंड्रस्टीज के लिए शनिवार को एक एपलांच किया है।
- **एप का नाम:** दृष्टि
- इस एप की मदद से इंड्रस्टीज मालिक अपने यहां प्रदूषण के आंकड़े जान सकेंगे।

- इंड्रस्टी मालिक एप में अपने इंड्रस्टी को सलेक्ट कर प्रदूषक तत्व की न्यूनतम, अधिकतम और औसत मात्रा का पता लगा सकेंगे।

**6. राजवायुएप:**

- यह  शहर में एयरपॉल्युशन के आंकड़े आपके मोबाइल पर देगा।
- फिलहाल एप पर जयपुर, जोधपुर और उदयपुर के प्रदूषण के आंकड़े जारी होंगे उसके बाद 5 अन्य शहरों में भी इसे लांच किया जाएगा।
- राजवायुएप में पीएम10, पीएम2.5, सल्फर डाईऑक्साइड, नाइट्रोजन, कार्बन मोनोऑक्साइड और मौसम की सूचना मिलेगी।

7. **विश्व यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता:**

- स्वाति दूधवाल ने राजस्थान यूनिवर्सिटी को विश्व यूनिवर्सिटी तीरंदाजी प्रतियोगिता में पहला स्वर्ण दिलाया है।
- मंगोलिया के उलानबातर में आयोजित इस प्रतियोगिता में रूस को मात देकर यह पदक पाया

**8. प्रदेश में महाराणा प्रताप इंडिया रिजर्व बटालियन:**

- केंद्रीय गृह मंत्री राजनाथ सिंह नेउदयपुर में इंडिया रिजर्व बटालियन की स्थापना की घोषणा की
- इस बटालियन में उन लोगों को स्थान दिया जाए जो पसीना बहाकर जीवन जीने का जज्बा रखते हों।

**9 केंद्रीय गृहमंत्री ने जोधपुर की सरदार पटेल पुलिस एकेडमी को काउंटर टेरेरिज्मएकेडमी बनाने की घोषणा की**

**10. जोधपुर की पहली देश की दूसरी ग्राम पंचायत दईजर हुई डिजिटल:**

- पंचायतसमिति दईजर के जितेंद्र फुलवारिया ने अत्याधुनिक मोबाइल एप बनाकर संपूर्ण ग्राम पंचायत दईजर को 'मेक इन इंडिया' 'डिजिटल इंडिया' से जोड़ा
- मंडोर पंचायत समिति संपूर्ण भारत वर्ष में दूसरी डिजिटल पंचायत समिति है जोधपुर की प्रथम समिति

**11. प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान:**



GShindi.com

- मातृशिशुमृत्युदर में कमी लाने एवं मातृत्व सेवाओं में सुदढ़ीकरण के लिए
- इसके तहत हर माह की 9 June को जिला अस्पतालों से लेकर प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व दिवस आयोजित किया जाएगा।
- गर्भवती महिलाओं को डॉक्टरों स्त्रीरोग विशेषज्ञों की देखरेख में प्रसव पूर्व स्वास्थ्य जांच एवं परामर्श की निःशुल्क सेवाएं मिलेगी।
- सुरक्षित मातृत्व दिवस अभियान के आयोजन से गर्भावस्था एवं प्रसव के दौरान विशेष रूप से जटिल खतरों वाली संभावित गर्भवती महिलाओं को स्वास्थ्य संबल मिलेगा।

**12. सार्वजनिक जगहों पर मशीन से सेनेटरीनैपकिन:**

- ये शुरुआत करने वाला अजमेर पहला जिला
- जनाना अस्पताल में सेनेटरीनैपकिनपैड उपलब्ध कराने के लिए मशीन लगाई गई है।
- इसमें 10 रुपए मूल्य के जितने एक, दो पांच रुपए के सिक्के डालकर नैपकिन प्राप्त किए जा सकेंगे।

13. **राज्यसभा चुनाव :राजस्थान में चारों सीटों पर भाजपा**

- केंद्रीय मंत्री वैंकेयानायडू
- ओमप्रकाश माथुर
- रामकुमार वर्मा और
- हर्षवर्द्धन सिंह डूंगरपुर

14. **सामान्यत: मानसून राजस्थान में 20जून तक आता है**




**15.रामानंदीरामानुज संप्रदाय में अंतर**

- रामानंदी संप्रदाय केसाधु संत सीता-रामजी की पूजा अर्चना करते हैं और वे गृहस्थ जीवन नहीं अपनाते हैं। यानिवे विवाह नहीं करते हैं।

- रामानुजसंप्रदाय केसाधु-संत लक्ष्मी-नारायण की पूजा-अर्चना करते हैं और ये विवाहित जीवन अपनाते हैं यानिये गृहस्थी होते हैं। गलतापीठ में सीतारामजी का मंदिर है।

16. **यशवीरसिंह** :यशवीर सिंह को फोर्ब्स एशिया मैगजीन ने इस साल की '30 अंडर 30' लिस्ट में शुमार किया है। इसमें विराट कोहली, श्रद्धा कपूर जैसी हस्तियों के भी नाम हैं। यशवीरमूलत: झुंझुनूं जिले के गांव बनगोठड़ी (पिलानी) के रहने वाले हैं। उन्हें सूची में स्थान सामाजिक सरोकार और भारतीय युवाओं के बीच उद्‌यमिता की संभावनाएं तलाशने में योगदान के लिए मिला है। वह इस सूची में शामिल राजस्थान के पहले युवा हैं।

17. **गिफ्टटॉय अभियान अजमेर में:**

18. **प्रदेश का पहला विशेष निवेश क्षेत्र नीमराना में**

GShindi.com

- प्रदेशमें दिल्ली-मुंबई इंडस्ट्रीयलकॉरिडोर (डीएमआईसी) के तहत अलवर के नीमराना के आसपास पहला विशेष निवेश क्षेत्र बनेगा।
- इसका नाम नीमरानाग्रीनफील्डइंटिग्रेटिडटाउनशिप (एनजीआईटी) होगा।
- प्रदेश में डीएमआईसी के 5 चरण विकसित किए जाने हैं। पहला खुशखेड़ा-भिवाड़ी-नीमराणाइनवेस्टमेंटरीजन, दूसरा जोधपुर-पाली-मारवाड़, तीसरा अजमेर-किशनगढ़, चौथा राजसमंद-भीलवाड़ा और पांचवां जयपुर-दौसा है। इन सबके लिए एसआईआर घोषित किया जाना है।
- विशेषनिवेश क्षेत्र के लिए डेवलपमेंट अथॉरिटी बनेगी जो अलग मास्टर प्लान बनाकर लागू करेगी। विशेष क्षेत्र इंटीग्रेटेडइंडस्ट्रीयलहब का रूप लेगा, जिसमें इंडस्ट्रीयल, हाउसिंग, कमर्शियल से जुड़ा इंफ्रास्ट्रक्चर तैयार किया जाएगा। यहां जमीन खरीदने और बेचने की मंजूरी नई अथॉरिटी के पास ही होगी।

**19.फाइटरप्लेन उड़ाएंगी जांबाज युवतियां**

- भारतीयवायु सेना की तीन जांबाज युवतियां मोहना सिंह, भावना कांठ और अवनी चतुर्वेदी शीघ्र ही फाइटरप्लेन उड़ाएंगी
- फाइटरएयरक्राफ्ट फ्लाइट कैडेट मोहना सिंह झुंझुनूं जिले की रहने वाली हैं।

20.**शिकारपुरा बना देश का पहला सुकन्या समृद्धि गांव:**

- केन्द्र सरकार की महत्वाकांक्षी 'सुकन्या समृद्धि योजना ' के तहत जोधपुर जिले का शिकारपुराएेसा पहला गांव बन गया है जहां दस साल से कम उम्र की सभी 265 बेटियों का इस योजना में खाता खोला गया है।
- **क्या है योजना**

  इस योजना में दस साल तक की बेटी के नाम से एक साल में 1 हजार से लेकर 1 लाख पचास हजार रुपए जमा करा सकते हैं। पैसा खाता खोलने के 14 साल तक ही जमा करवाना है। बेटी के 21 साल की होने पर खाता मैच्योर होगा। बेटी के 18 साल की होने पर आधा पैसा निकलवा सकते हैं। योजना में आयकर की धारा 80-जी के तहत छूट मिलेगी।

21. **प्रेम भंडारी को इंटरनेशनल अचीवर्सअवार्ड:** जयपुर फुट यूएसए के चेयरमैन प्रेम भंडारी को मानवता के क्षेत्र में उनके असाधारण योगदान के लिए इंटरनेशनल अचीवर्सअवार्ड से सम्मानित किया गया।

भंडारी को यह अवार्ड मध्य-पूर्वी देशों में मानव तस्करी शोषण से पीड़ित सैकड़ों भारतीयों को समय-समय पर सुरक्षित घर वापसी में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने, निर्धन लोगों की चिकित्सा में सहायता करने और जयपुर फुट यूएसए के बैनर तले हजारों दिव्यांगों को नई जिंदगी देने के फलस्वरूप दिया गया।

22.**टूरिज्म के विज्ञापन में अब राजस्थानी गीत**:

राजस्थान टूरिस्म के नए ऑडियोविजुअलकैम्पेन में देश-दुनिया के लोगों को रेत के धोरे और ऊंट ही नहीं, पुष्कर और आमेर भी दिखाई देगा। साथ ही एडकैम्पेन में बज रहा राजस्थानी गीत- माटी बांधी पैजणी, बांगडी बांधे.....अब अलग-अलग धुनों में बजेगा।

23. **यहां बेटी के जन्म पर स्टाफ देता है नकद बधाई:**

हनुमानगढ़ जिले के धोलीपाल स्थित सरकारी अस्पताल में डॉक्टरों ने नई परंपरा डाली है। यहां के डॉक्टर अपने स्तर पर पैसा जुटाते हैं और अपने अस्पताल में बेटी पैदा होने पर प्रसूता को बधाई के तौर पर पांच सौ रुपए नकद देते हैं।

**24.गोबिंद सिंह ब्रिटिश डिजिटलआर्काइव में शामिल:**

- ब्रिटेननेअपने वार हीरोज की बहादुरी के किस्से सुनाने के लिए एक डिजिटलआर्काइव शुरू किया है। इन जांबाजों में 6 भारतीय भी शामिल हैं।
- इनमें से एक दमोही, नागौर के गोबिंद सिंह भी हैं।
- लांसदफादारगोबिंद सिंह प्रथम विश्व युद्ध में शामिल हुए थे।
- उन्हें बहादुरी के लिए विक्टोरियाक्रॉस से सम्मानित किया गया था।
- गोबिंद के अलावा भारत के रिसालदार बदलू सिंह, सिपाही चट्टा सिंह, नायक दरवान सिंह नेगी, राइफलमैनगबर सिंह नेगी और लांस नायक लाला शामिल हैं।

25.**रॉयल राजस्थान के दो नए टूरपैकेज को मिली मंजूरी**:

- पहली बार रॉयल राजस्थान ऑनव्हील्स के दो नए टूरपैकेज बनाए गए हैं।

GShindi.com

- पहला पैकेज तीन दिन का होगा, जिसके तहत दिल्ली, रेवाड़ी, जयपुर, भरतपुर, आगरा वापस दिल्ली की यात्राएं कराई जाएंगी। गोल्डनट्राईएंगलटूरिस्टसर्किट को ध्यान में रखकर तीन दिन का टूरपैकेज तैयार किया गया। इसके जरिए रॉयल राजस्थान को अधिक से अधिक विदेशी पर्यटक मिलने की संभावना है।
- चार दिन के टूरपैकेज में दिल्ली, चित्तौडगढ़, उदयपुर, गांधीनगर जयपुर, भरतपुर, आगरा और वापसी दिल्ली तक पर्यटकों को घुमाया जाएगा।

**26. जन प्रतिनिधियों के हाथ बड़े प्रोजेक्ट्स की कमान:**

- राज्य सरकार जिलों में सेंट्रल स्कीम एडवाइजरी एंड मॉनिटरिंग कमेटी गठित करेंगी।
- अमृत सिटी योजना से लेकर स्वच्छ भारत मिशन सहित 7 योजनाओं की प्रभावी निरीक्षण का जिम्मा हर जिले में सबसे सीनियरएमपी की अध्यक्षता में गठित कमेटी के पास होगा
- कमेटी में अध्यक्ष के अलावा एक राज्य सभा तथा एक लोक सभा सदस्य को-चेयरपर्सन तथा एमएलए सदस्य रहेंगे।
- निर्देश केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय ने राज्य सरकार को दिए हैं।
- नईगाइडलाइंस के अनुसार हर जिले में गठित की जाने वाली कमेटी ह**र तीन माह** में मीटिंग करेंगी।
- अपने अपने जिले में सात योजनाओं के तहत चल रहे कार्यों को रिव्यू करेंगे। योजना की शिकायतों, जनता को सुपुर्दगी, घोटाले आदि से लेकर हर पहलू पर चर्चा होगी। देखरेख, रिव्यूमॉनिटरिंग ये तीन कार्य प्रमुख रूप से कमेटी के पास रहेंगे।

**27.इकॉनोमिकटाइम्स सप्लाई चैन मैनेजमेंटअवार्ड:**

- पब्लिकट्रांसपोर्ट में बेहतर काम करने पर राजस्थान को इकॉनोमिकटाइम्स सप्लाई चैन मैनेजमेंटअवार्ड से नवाजा जाएगा।
- **अवार्ड प्रदेश में पिछले 2** साल में पब्लिक ट्रांसपोर्ट में हुए कामों पर दिया गया है।

GShindi.com

- प्रदेश में दो साल में राजस्थान लोक परिवहन सेवा, एलपीजीऑटो रिक्शा, ई-रिक्शा का बढ़ावा दिया है। नेशनलाइजेशन मार्गों का डी-नेशनलाइजेशन किया।

**28. अजमेर को मिला सर्वश्रेष्ठ डाक मंडल का पुरस्कार:**

- **सर्वश्रेष्ठ मंडल श्रेणी का पुरस्कार आर.एम.एस. 'जे' मंडल, अजमेर, द्वितीय सवाईमाधोपुर मंडल को तृतीय पुरस्कार अलवर मंडल को मिला।**

**29. रम्मत कला लुप्त होने की कगार पर**

- रम्मत कला को अलग-अलग स्थानों पर अलग-अलग नामों से जाना जाता है। इसको रम्मत, ख्याल, तमाशा व नाटक के नामक से ही संबोधित किया जाता है। परंपरागत रुप से होने वाली रम्मत में पुरुष ही सभी किरदार निभाते है। ख्याल में महिला पात्र को भी पुरुष ही निभाते है।
- प्रदेश में आधा दर्जन रम्मतों के अलावा और भी ख्याल व तमाशें होते थे, जो अब लुप्त होने की कगार पर है। जानकारों के अनुसार विगत तीन दशकों से राजा हरिशचन्द्र, राजा मोरध्वज, छैला-तबोलन, सशा-पणियारी की रम्मते अब नहीं खेली जाती। ये रम्मते लुप्त हो चुकी है।

30.**निजी दानदाताओं की संख्या में कमी:**

- प्रदेशके सरकारी स्कूलों के विकास के लिए हमेशा आगे रहने वाले निजी दानदाताओं की संख्या घटती जा रही है।
- भामाशाह सम्मान के इतिहास में इस बार सबसे कम निजी दानदाता हैं।
- इस बार सम्मानित होने 60 दानदाताओं में निजी दानदाता केवल 17 हैं, जबकि कंपनी और ट्रस्ट के जरिए दान करने वालों की संख्या 43 हैं।
- **भामाशाह सम्मान** :निजी स्कूलों के विकास में आर्थिक सहयोग करने वाले भामाशाहों के सम्मान के लिए शिक्षा विभाग ने 1996 में भामाशाह सम्मान समारोह शुरू किया था।

31. **राजस्थान में 5 साल से कम आयु के बच्चे हैं अतिकुपोषित:**

- केन्द्र सरकार के क्लिनिकल, मानवशास्त्रीय व बायोकैमिकल (सीएबी) 2014 सर्वे में प्रदेश के बच्चों की बहुत चिन्ताजनक स्थिति सामने आई

है। प्रदेश में 5 साल से कम आयु के 12.6 फीसदी बालक, 11.7 फीसदी बालिकाएं अति कुपोषित हैं।

- 5 से 18 वर्ष की 11.6 प्रतिशत लड़कियां व 17.2 फीसदी लड़के अतिकुपोषण के शिकार हैं। वहीं, 23 प्रतिशत बालक व 22.3 प्रतिशत बालिकाएं कुपोषण से ग्रसित हैं।
- सर्वे रिपोर्ट के अनुसार राजस्थान में बड़ी तादाद में बच्चे कम वजनी पैदा हो रहे हैं। यही कारण है कि पांच वर्ष तक की 36.9 फीसदी बालिकाएं व 36.4 प्रतिशत बालक कम वजनी हैं।
- **कुपोषण के कारण**

समय से पूर्व जन्म

जन्म के समय वजन कम

मां में खून की कमी

मां का दूध पर्याप्त मात्रा में नहीं मिलना, शुद्ध जल का अभाव

छह महीने बाद अतिरिक्त आहार नहीं मिलना

बीमारी में खाना नहीं पचना

आर्थिक स्थिति ठीक नहीं होने से पौष्टिक आहार नहीं मिलना

GShindi.com